हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 14, अंक : 24 | पटना, बुधवार, 12 मार्च, 2025 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

### पटना स्टेशन के पास थर्ड टी०बी०एम० (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर किया शुभारंभ

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क के सामने पटना स्टेशन के पास थर्ड टी०बी०एम० (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभकिया। शुभारंभ के पश्चात टी०बी०एम० (टनल बोरिंग मशीन) भूमिगत मेट्रो लाईन हेतु कटिंग करते हुये बाहर निकली जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने पटना मेट्रो एलाइनमेंट कॉरिडोर 1 और 2 के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 कि०मी०) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टी०बी०एम० (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभकिया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। निरीक्षण के क्रम में



मुख्यमंत्री पटना रेलवे जंक्शन के पास भी पहुँचे और कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को ससमय पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री जीवेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ० चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन तथा पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार पुलिस में 19 हजार 838 सिपाहियों की होगी भर्ती

**पटना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 12 लाख सरकारी नौकरी देने के संकल्प को पूरा करने का काम बहुत तेजी से पूरा किया जा रहा है। सूबे के पुलिस महकमे में अब 19 हजार 838 सिपाही की बहाली होने जा रही है। इसकी जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। इसके साथ ही बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में सिपाही के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सिपाही के 19 हजार 838 पदों पर महिला उम्मीदवारों के लिए 6 हजार 717 पद खासतौर से आरक्षित किए गए हैं। इस सिपाही बहाली में 50 फीसदी पद बिहार के गृहरक्षकों के लिए आरक्षित हैं। इस तरह कर सकते आवेदन : इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 मार्च 2025 से शुरू होगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की आधिकारिक वेबसाइट csbc.bihar.govt.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इसकी तमाम प्रक्रियाओं में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को सफल उम्मीदवारों को 21,700 से 69,100 रुपये तक का मासिक वेतन मिलेगा।इस श्रेणी के इतने उम्मीदवारों के लिए सीटें हैं आरक्षित सिपाही बहाली के लिए 19 हजार 838 पद की भर्ती प्रक्रिया में गैर-आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 7 हजार 935 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 1983, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए 3174, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 199, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के 3571, पिछड़ा वर्ग (बीसी) (53 ट्रांसजेंडर सहित) के लिए 2381 तथा पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए (बीसीडब्ल्यू) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 595 पद शामिल हैं। इसके अलावा स्वतंत्रता सेनानी के लिए आश्रित के लिए क्षैतिज आरक्षण व्यवस्था के तहत 397 पद चिन्हित किए गए हैं।

## पीएम मोदी ने मॉरीशस में भोजपुरी भाषा की तारीफ कर बिहार के लोगों को गौरवान्वित किया: डॉ. दिलीप जायसवाल

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों मॉरीशस की यात्रा पर हैं। वे वहां के स्वागत से अभिभूत हैं और वहां भोजपुरी भाषा की तारीफ की है। इधर, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मॉरीशस की धरती पर जिस तरह भोजपुरी भाषा की तारीफ की है, उससे बिहार के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया और समुदाय की महिलाओं ने ह्यगीत गवई' नामक पारंपरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उनका सम्मान किया। ह्यगीत गवई' एक पारंपरिक भोजपुरी संगीत समूह है, जो भारत के भोजपुरी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा मॉरीशस में लाई गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भी मॉरीशस की धरती पर ठेठ बिहारी अंदाज



में स्वागत से प्रफुल्लित दिखे। प्रधानमंत्री ने स्वयं कहा कि वह मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हैं। उन्होंने मॉरीशस में भोजपुरी भाषा की महत्वपूर्ण मौजूदगी पर भी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों से उनका गहरा जुड़ाव वाकई प्रेरणादायक है। इतिहास और दिल का यह बंधन पीढ़ियों से चला आ रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार प्रेम कई मौकों पर दिखा है। हाल में पेश केंद्रीय बजट में भी उनका बिहार के प्रति चिंता दिखी थी, तभी उन्होंने बिहार को कई सौगात दी। अब विदेश की धरती पर भी उन्होंने जिस तरह बिहार की भाषा भोजपुरी की तारीफ की, उससे बिहार के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी।

## राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात करते दलित सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं दलित सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव भी इस मौके पर उपस्थित थे। श्रवण अग्रवाल ने मुलाकात के उपरांत वहा पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित कहा कि लालू प्रसाद जी से उन्होंने आज मुलाकात कर होली के त्योहार को लेकर अपनी पार्टी की ओर से उनको शुभकामना देते हुए उनका आशीर्वाद लिया। अग्रवाल ने कहा कि लालू प्रसाद हमारे अभिभावक है और हमारे जैसे



हजारों कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद जी सामाजिक न्याय के सशक्त हस्ताक्षर है। और लालू प्रसाद बिहार ही नहीं पूरे देश के करोड़ों दलित पिछड़ों शोषितों एवं अल्पसंख्यक समाज के सबसे बड़े नेता है। देश एवं राज्य की राजनीति में मौजूदा समय में भीमराव अंबेडकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण डॉ राम मनोहर लोहिया और जननायक कपूर्री ठाकुर के सिद्धांत और विचारधारा और उन सभी नेताओं के वसूलों पर कोई मजबूती से खड़ा है तो उस व्यक्तित्व का नाम लालू प्रसाद यादव है। अग्रवाल ने भाजपा विधायक हरीभूषण ठाकुर बछौल के द्वारा मुसलमानो पर दिए गए विवादित बयान की सख्त लहजे में निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा विधायक के बयान को गंभीरता से लेना चाहिए और ऐसे विधायक पर नीतीश कुमार जी को कारवाई करनी चाहिएऔर उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने की मांग भी उन्होंने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष से की।

## पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव की तिथि आगे बढाने को लेकर प्रदर्शन

**पटना।** आज विभिन्न छात्र संगठनों के द्वारा पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव की तारीख बढाने को लेकर प्रदर्शन किया है जो पटना कॉलेज से दर्जनों की संख्या में छात्रों ने नारेबाजी करते हुए पटना विश्वविद्यालय गेट पर पहूँच कर कुलपति से मिलने की मांग करने लगे। विश्वविद्यालय में कुलपति नही होने के कारण तमाम छात्रों ने विश्वविद्यालय के सामने अशोक राजपथ रोड को कई घंटों तक बंद कर दिया। तमाम छात्र संगठनों की एक ही मांग है कि छात्रसंघ चुनाव की तारीख जिस तरह से घोषणा की गई है जो लोकतंत्र के खिलाफ और छात्र विरोधी है 29 मार्च को चुनाव होना हैं और उसके अगले ही दिन अल्पसंख्यक मुसलमान समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार ईद होनी हैं जिसके कारण एक समुदाय के तमाम



छात्र विश्वविद्यालय में मौजूद नही होगें और चुनाव में भाग नही ले पाएंगे। जो कहीं ना कहीं हमारे लोकतंत्र को कमजोर करेगी, इसलिए विश्वविद्यालय को वोट प्रतिशत को बढ़ावा देने के लिए तमाम परिस्थिति के अनुसार ही फिर से छात्रसंघ चुनाव के तारीख की घोषणा करनी चाहिए।

इस आंदोलन क्रम में एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एआईएसएफ पटना जिला सचिव मीर सैफ अली और आइसा के नेता निरज ने संयुक्त रूप से करते हुए कहा कि हम तमाम संगठन विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव हो इसका हमेशा से पक्षधर रहे हैं मगर लोकतंत्र की हत्या करके हो इसका हम कतई समर्थन नही करते. पटना विश्वविद्यालय को व्यवहारिक पक्ष देखते हुए फिर से चुनाव के तारीख की घोषणा करे। इसी सभा में एआईएसएफ बिहार राज्य सह सचिव सुधीर कुमार ने कहा कि आज तमाम विश्वविद्यालयों को संघ का अड्डा बनाने की कोशिश चल रही है लगातार शिक्षा पर हमले किये जा रहे हैं जिसका हमारा संगठन विरोध करता है हम मांग करते हैं कि कुलपति महोदय तमाम छात्र समुदाय के हितों को देखते हुए फिर से तारीख की घोषणा करे नहीं तो यह आंदोलन और उग्र होगा।

इस सभा में एनएसयूआई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष रमिज रजा ने भी अपनी बातों को रखा। इसी कड़ी में पटना विश्वविद्यालय के कुलपति ने कल वार्ता करने का आश्वासन दिया है जिसे मान कर आंदोलन को तत्काल समाप्त करने की घोषणा की गयी। इस आंदोलन में एआईएसएफ पटना जिला अध्यक्ष तौसिक आलम, अफजल गनी, आशीष, दिव्यम, सैय्यद, राजा, अक्षय समेत दर्जनों छात्र मौजूद थें।

## जनमानस के लिए योजनाओं को सुलभ बना रही हैं जीविका दीदियां- मिनी गैस एजेंसी ने लाई सौर क्रांति

**पटना , (संवाददाता)।** स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक तौर पर सशक्त तो हो ही रही है सरकार की योजनाओं को भी धरातल तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । जीविका के संबल से इन ग्रामीण महिलाओं ने जीविका दीदी के तौर पर लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर उन योजनाओं को आम जनमानस के लिए सुलभ बना रही हैं ।बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित हुई महिलाएं भारत सरकार के उज्ज्वला सखी कार्यक्रम के अंतर्गत मिनी गैस एजेंसी का संचालन कर रही हैं । इसे उर्जा स्टोर के नाम से भी जाना जाता है। उर्जा स्टोर मिनी गैस एजेंसी के तौर पर कार्य करती हैं और इसके लिए सौर स्टोर संचालक जीविका दीदी और गैस एजेंसी धारक के बीच करार होता है। उज्जवलासखी कार्यक्रम अंतर्गत उर्जा स्टोर चलाने वाली महिलाओं को उज्जवला सखी नाम दिया गया है । उज्ज्वला सखियां मौजूदासूक्ष्म उद्यमी हैंजो किराना दुकान, सिलाई केंद्र, श्रृंगार स्टोर और ग्राहक सेवा केंद्र या इसी तरह के सूक्ष्म उद्यम का संचालन करते हुए सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है । वे अपने उज्ज्वला सखी व्यवसाय से




जो आय अर्जित करती हैं, वह उनकी समग्र कमाई को पूरक बनाती है। उज्ज्वला सखी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सुदूर गांवो में उर्जा स्टोर खोले जारहे हैं जहाँ कोई भी गैस एजेंसी की पहुँच नहीं हैं ।प्रावधान के तहत उर्जा स्टोर का आवंटन स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं को दिया जाता है । उर्जा स्टोर संचालक महिलाएं कनेक्शन धारकों को मिनी गैस एजेंसी के तौर पर वो सारी सुविधाएँ प्रदान करती हैं जो एक गैस एजेंसी द्वारा अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती है।

बिहार में भी जीविका से संबद्ध स्वयं सहायता समूह से जुडी उन महिलाओं को प्राथमिकता के तौर पर दिया जा रहा है जो सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित हैं और स्वरोजगार कर रही हैं।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात करते कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद ।

## 16 मार्च से युवा और छात्र कांग्रेस का भित्तिहरवा से पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा

- **भाजपा नीतीश की सरकार में बिहार के युवा व छात्र पलायन को मजबूर: कृष्णा अल्लवारू**
- **छात्र युवाओं की हकमारी कर रही है बिहार सरकार, नहीं रुक रहा है पलायन: कन्हैया कुमार**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा की शुरूआत 16 मार्च से चंपारण के भित्तिहरवा से करने की घोषणा की गई। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस




के प्रभारी सह युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवारू ने कहा कि बिहार में पलायन आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक बीमारी बन चुकी है इसलिए बिहार का युवा और छात्र अब अपने भविष्य को लेकर इस सरकार से भयाक्रांत हो चुका है। कांग्रेस पार्टी के साथ युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के साथी मजबूती से उनके हक में यह पदयात्रा करेगी। बिहार के जनता, युवा और छात्रों का आवाज बनकर कांग्रेस काम कर रही है और सरकार के खिलाफ खड़े होकर संसद, विधानसभा और सड़क पर हमलोग संघर्ष करेंगे। इसमें सभी युवाओं और छात्रों को एकजुट होकर बिहार की समस्याओं पर लड़ना होगा। पदयात्रा बिहार के छात्रों और युवाओं को अकादमिक और आर्थिक समस्याओं से बचाने के लिए संचालित होगी। इस पदयात्रा में चंपारण की भूमि से महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करके निरंकुश सरकार के निर्णयों और नीतियों से छात्र युवाओं की जो हकमारी की जा रही है हम उसकी खिलाफत करेंगे।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार के लोगों के ऊपर जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ एनएसयूआई और युवा कांग्रेस 16 मार्च को चंपारण के भित्तिहरवा से पदयात्रा की शुरूआत करेगी और यह यात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए पटना आकर समाप्त होगी। इस यात्रा का मुख्य मुद्दा शिक्षा, नौकरी और इलाज रहेगा। जिस तरीके से राज्य में बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया वो बेहद शर्मनाक है।

बिना नौकरी दिए और बिना शिक्षा दिए हुए बिहार का विकास नहीं होने वाला है। बिहार में तीन साल की ग्रेजुएशन डिग्री पंच वर्षीय योजना बन जाती है। राज्य के कॉलेज के हालात ऐसे हैं कि हालत है कि 25000 छात्रों का नामांकन करा दिया जाता है लेकिन उनके लिए केवल 10 शिक्षक उपलब्ध रहते हैं।

राज्य के सभी छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एनएसयूआई उनके लिए संघर्ष करेगी और राज्य के विकास को बेहतर बनाने का काम करेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय ने पत्रिका किया विमोचन

पटना। रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में उद्घाटन सह पत्रिका विमोचन समारोह एवं नैक उन्नयनोत्सव का आयोजन किया गया जिसके उद्घाटनकर्ता स्वास्थ्य मंत्री, मंगल पांडे रहे ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार डॉ प्रेम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सदन, उप नेता, सदस्य, बिहार विधान परिषद, डॉ राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता; उपाध्यक्ष, बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद, प्रो. कामेश्वर झा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शरद कुमार यादव ने की। कार्यक्रम में मेयर, पटना श्रीमती सीता साहू की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जगन्नाथ प्रसाद ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी, जिम एवं ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया साथ ही महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका प्रतिबिम्ब का भी विमोचन किया गया।



सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ≀बीः≀ ग्रेड मिलने पर प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र झ छात्राओं को बधाई दी। मंत्री मंगल पांडे जी ने महाविद्यालय में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं की सराहना करते हुए भविष्य में महाविद्यालय की उन्नति में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। माननीय मंत्री डॉ प्रेम कुमार जी ने महाविद्यालय में होनेवाले गतिविधियों की प्रशंसा की तथा महाविद्यालय के छात्रझ छात्राओं के कार्यकलापों से बहुत प्रभावित हुएं। प्रो. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता जी महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से प्रभावित हुए, उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध ऑनलाइन सुविधाओं की भी प्रशंसा की। प्रो. कामेश्वर झा जी ने महाविद्यालय की पत्रिका प्रतिबिम्ब की प्रशंसा करते हुए इसमें छपे लेखों की सराहना की। माननीय कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव लाइब्रेरी की पुस्तकों के स्तर एवं पुस्तकों की संख्या से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने शैक्षणिक वातावरण , शोध कार्य की प्रगति एवं नैक उन्नयन के लिए यथासंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्कृत की विभागाध्यक्ष, डॉ शैलजा सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती स्मिता वैदेही ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ निधि सिन्हा, डॉ सरिता कुमारी, डॉ अमर कुमार, डॉ आशीष कुमार, डॉ प्रधान दुर्गा शंकर प्रसाद, डॉ शेखर कुमार जायसवाल, डॉ रवि रंजन कुमार, डॉ सुबोध चौधरी, डॉ अविनाश रंजन, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ शोला चंद्र की भूमिका प्रशंसनीय रहा। छात्र - छात्राओं में अपूर्वा, अमन, स्वाति, तनिषा, सुब्रतो, अदिति मणि, राज, पूजा, सुरभि आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# भाजयुमो ने किया होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

पटना। भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा अवसर कम्यूनिटी हॉल, कंकड़बाग में आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल का अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया ने युवाओं के साथ फूल और अबीर-गुलाल के साथ होली का आनंद लिया। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने होली मिलन समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया और रंगों का महापर्व होली की सभी को शुभकामनाएं दी। होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए और परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए। होली मिलन समारोह में सभी नेतागण ने एक-दूसरे को अबीर टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीत पर झूमते हुए दिखे।



भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने कहा कि युवाओं के साथ अबीर और फूलों की होली खेलने का आनंद अलग है। होली के गीतों एवं नृत्यों में भी गांव की खुशबू, फगुआ का बयार और होली के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक नृत्यों की ही झलक देखने को मिली जो होली की खूबसूरती को दर्शाती है। होली मिलन समारोह में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया, विधायक संजीव चौरसिया, अरुण कुमार सिन्हा, बिहार भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार, प्रदेश महामंत्री सीमांत शेखर, शशि रंजन, नीरज नवीन, धर्मवीर सिंह, भाजयुमो महानगर अध्यक्ष मयंक जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

# होली मिलन पर बिहार विभूति अवार्ड

पटना। बिहार स्वास्थ्य शिक्षा परिषद एवं आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 29वी बिहार विभूति अवार्ड और रंगारंग सांस्कृतिक समारोह किया गया इसके उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि संस्कृत बोर्ड के परमानंद और समारोह की अध्यक्षता विश्व मोहन चौधरी संत वरिष्ठ पत्रकार ने किया निर्देशक आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के मनोज कुमार ने स्वागत भाषण दिया और अपने उन्होंने कहा कि हमारा स्कूल लोगों के बीच में जनमानस में छा गया है और साथी होली का संदेश भी दिया।



अतिथियों के हाथों दो सम्मान कुमार शैलेंद्र शिखर सम्मान रविंद्र बिहारी राजू और रश्मि मिश्रा उर्फ सोनी मैथिली रंगमंच को दिया गया साथ ही बिहार विभूतिअवार्ड से जो नौ सम्मानित हुए जिसमें नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीव कुमार सुमन, रंगकर्म में सैयद रिजवानुउल्लाह, सिविल सर्विसेस शिक्षा में गुलशन सिंह राठौड़, कला में संजय राय, आदर्श स्कूल संचालन में मनोज कुमार, समाज सेवा में चंदन सिंह ,फिल्म निर्देशन में कृष्ण जी शर्मा,फिल्म अभिनेत्री अंशिका सिंह और अभिनेता आदित्य सिंह को प्रतीक चिन्ह,सम्मान पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

रंग-बिरंगे परिधानों में छात्र-छात्राओं ने होली पर एक से एक नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें होली ब्रिज में, नंदलाल खेले होली, बलम पिचकारी ,जहां जाए राधा वही जाए मुरारी और होली पर मिक्स नृत्य जो काफी अच्छा रहा। भाग लेने वाले कलाकारो में थे आयुषी, अमीषा, अंकित, कोमल, वैष्णवी,तान्या, पूजा, रागनी, सृष्टि, प्रिया,इशा, नंदिनी, खुशी,सिमरन, आभा, सोनाली, रिया मौसम,स्वामी,वर्षा और अंशु यदि प्रमुख थी।

निर्देशक कुमारी मीणा ने सभी छात्राओं को रंग आवीर गुलाल लगाकर होली के ठुमके लगाए साथ ही फिल्म अभिनेत्री अंशिका के गानों पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रवि रंजन ने किया।

# आधुनिक सुविधाओं से युक्त पटना जमशेदपुर वोल्वो बस सेवा शुरू

पटना। बिहार राजपथ परिवहन निगम द्वारा मंगलवार को पटना जमशेदपुर वोल्वो बस सेवा शुरू की गई । इसका शुभारंभ माननीय मंत्री परिवहन विभाग श्रीमती शीला कुमारी ने की। इस मौके पर परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल राज्य परिवहन आयुक्त श्री नवीन कुमार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम प्रशासक श्री अतुल कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे। आधुनिक सुविधाओं से युक्त है बस परिवहन विभाग मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने बताया कि यह वोल्वो बस सेवा यात्रियों को एक आरामदायक, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस बस में आधुनिक सुविधाएँ जैसे एसी, आरामदायक सीटें, जीपीएस ट्रैकिंग, ऑनबोर्ड एंटरटेनमेंट और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध हैं। यह वोल्वो बस सेवा बिहार और झारखंड के बीच यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाएगी परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को सुगम और आरामदायक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह वोल्वो बस सेवा बिहार और झारखंड के बीच यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाएगी। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बस सेवा से यात्रियों को बेहतर सफर का अनुभव मिलेगा। परिवहन निगम के प्रशासक श्री अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि पटना-जमशेदपुर रूट पर वोल्वो बस सेवा से यात्री आरामदायक और सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे। बिहार राजपथ परिवहन निगम यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिदिन बसों का किया जाएगा परिचालन यह बस सेवा प्रतिदिन पटना और जमशेदपुर के बीच चलेगी। टिकट की बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जा सकती है। बस सेवाओं में आधुनिक सुविधाएँ बिहार राजपथ परिवहन निगम द्वारा यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए नई बस सेवाओं में कई आधुनिक सुविधाएँ जोड़ी गई हैं। इन बसों में यात्रा को अधिक आरामदायक और सुरक्षित बनाने के लिए निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं: स्नैक्स और पानी की बोतल सफर के दौरान यात्रियों को निःशुल्क स्नैक्स और पानी प्रदान किया जाएगा।



आरामदायक तकिया यात्रियों की सुविधा के लिए नरम और आरामदायक तकिया दिया जाएगा।

पर्सनल टीवी और हेडफोन हर यात्री के लिए व्यक्तिगत टीवी स्क्रीन और हेडफोन की सुविधा होगी, जिससे वे अपनी पसंदीदा फिल्में और शो का आनंद ले सकेंगे। फ्री वाई-फाई यात्रियों को यात्रा के दौरान निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। चार्जिंग पोर्ट मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए प्रत्येक सीट पर चार्जिंग पोर्ट उपलब्ध रहेगा। स्वच्छ और हाइजीनिक कंबल लंबी दूरी की यात्रा के लिए स्वच्छ और आरामदायक कंबल प्रदान किए जाएंगे। लाइव ट्रैकिंग यात्रियों की सुरक्षा के लिए बसों में लाइव ट्रैकिंग की सुविधा होगी, जिससे वे अपने सफर की स्थिति को ट्रैक कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में बदलाव होना तय है, बदलाव का वाहक कौन होगा यह जनता तय करेगी: प्रशांत किशोर

पटना। बिहार की राजनीति में बदलाव की लहर तेज हो गई है। प्रशांत किशोर का कहना है कि नवंबर के बाद किसी भी परिस्थिति में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। जनता अब बदलाव चाहती है और जन सुराज इसी सोच को हर घर तक पहुंचाने में जुटा है। प्रशांत किशोर का दावा है कि बिहार के लोग अब मजबूरी में वोट नहीं देंगे, क्योंकि अगले छह महीनों में उन्हें एक नया राजनीतिक विकल्प मिलेगा। पहले जनता जेडीयू, भाजपा या राजद के बीच उलझी रहती थी, लेकिन अब वे विकास, रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दों को ध्यान में रखकर निर्णय लेंगे। अगर एनडीए सत्ता में आता है, तो भाजपा अपने मुख्यमंत्री का चेहरा लाएगी। अगर एनडीए हारता है, तब भी नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। इसका मतलब साफ है कि बिहार की राजनीति में एक नया चेहरा ही मुख्यमंत्री बनेगा। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि बदलाव का वाहक कौन बनेगा? जनता किसे अपना नेता चुनेगी? चुनाव नतीजे कुछ भी हों, लेकिन एक बात तय है—नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे।

### लालू परिवार को अदालत से बेल मिलने और बरी होने का अंतर पता नहीं है: नितिन भारती

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने लालू परिवार पर तंज करते हुए कहा है कि लालू जी के पूरे परिवार को अदालत से बेल मिलने और बरी होने में क्या अंतर होता है इसका पता नहीं है। जबकि अपराध,अदालत और जेल से इस परिवार का ऐतिहासिक नाता रहा है। आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने जब लैंड फॉर जॉब मामले की सुनवाई के क्रम में परिवार के कुछ नौनिहालों को केवल जमानत दी है तो परिवार ऐसे दिखा रहा है जैसे मामले से उन्हें बरी कर दिया गया हो। उन्हें तो शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए कि उनके परिवार की करतूतों की वजह से पूरे देश में बिहार की छवि पिछले 30 वर्षों से लगातार धूमिल होती रही है। लालू राबड़ी सरकार के कारनामों ने बिहार के लोगों का बिहार से बाहर जीवन दूभर कर दिया था। बिहारी शब्द का प्रयोग महानगरों में लोग किस रूप में करने लगे थे इस दर्द को 90 के दशक में बिहार से बाहर पढ़ने वाले बिहारियों से पूछ सकते हैं। NDA सरकार के अभूतपूर्व प्रयासों के बल पर आज बिहार की प्रगति के साथ साथ इसकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी है।

रालोमो प्रवक्ता नितिन भारती ने कहा कि लालू परिवार को आम लोगों को दिग्भ्रमित करने की कोशिश अब बंद कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी का आरोप बेबुनियाद है कि भारत सरकार और राज्य सरकार मिलकर चुनाव के कारण लालू परिवार को फंसाने की कोशिश कर रही है। हकीकत यह है कि लैंड फॉर जॉब का मामला केंद्र की वढअ सरकार के समय का विषय है और कोर्ट में इस मामले की सुनवाई गवाहों और सबूतों के आधार पर हो रही है। लालू जी कोई स्वाधीनता आंदोलन में जेल यात्रा करके नहीं आए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उनके भ्रष्टाचारी होने पर जब मुहर लगाई तब उनको जेल यात्रा करनी पड़ी। जिस परिवार का इतिहास ऐसा रहा हो उस पर नए आरोप लगने पर बिहार में किसी को आश्चर्य नहीं होता है। तेजस्वी यादव ने भी कभी परिवार के भ्रष्ट इतिहास के लिए माफी नहीं मांगी है बल्कि जात पात के सहारे उन पापों को ढकने की कोशिश करते रहे हैं। हाल ही में विधानसभा में लालू जी के पिछड़ा होने की बात कह कर उन्होंने सभा पटल और भारत की न्याय व्यवस्था का अपमान किया है। राबड़ी देवी एक तरफ कहती हैं कि वो अदालत का सम्मान करती हैं दूसरी तरफ उसी के निर्णय को राजनीतिक रंग देने की कोशिश करती हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव में जनता ने फिल्म का ट्रेलर दिखाया था आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पूरी फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है।

# महिला आरक्षण बिल पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, मंजूबाला ने साधा निशाना

पटना। महिला कांग्रेस ने संसद और विधानसभाओं में 33% महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया. राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा अलका लांबा ने केंद्र सरकार पर हमला बोला.'महिलाओं का हक तुरंत चाहिए',ये बातें अलका लांबा के नेतृत्व में बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस की नेत्री मंजूबाला पाठक ने कहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में देश भर से आई महिला कांग्रेस की प्रदेश और जिला अध्यक्षों समेत हजारों महिला कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।अपने आक्रामक भाषण में अलका लांबा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, महिलाओं को राजनीति में भागीदारी देने की शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायत और स्थानीय निकायों में आरक्षण देकर की थी. संवाददाताओं से बातचीत में मंजूबाला पाठक ने कहा, चुनाव से ठीक पहले दिखावे के लिए बिल तो पास किया, लेकिन इसका क्रियान्वयन कब होगा, इसका कोई जवाब आज तक नहीं दिया गया. अलका लांबा महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली मोदी सरकार ने क्यों अब तक इस कानून को लागू नही किया गया। अलका लांबा ने साफ किया कि महिला कांग्रेस इस मुद्दे पर अब पीछे हटने वाली नहीं है.



उन्होंने कहा, अब महिलाएं अपने अधिकार के लिए याचना नहीं करेंगी, अब सीधे रण होगा. देश के हर राज्य, हर जिले में प्रदर्शन होगा, सांसदों से सवाल पूछे जाएंगे, और अगर जरूरत पड़ी तो महिला कांग्रेस उन सांसदों का घेराव भी करेगी जो सदन में महिलाओं के मुद्दों पर चुप्पी साधे रहते हैं. मंजूबाला पाठक नद केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, महिलाओं की मौजूदगी ये साफ संदेश है कि अब हम अपना हक लेकर ही दम लेंगे. न हम चैन से बैठेंगे, न केंद्र सरकार को बैठने देंगे. सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रहेगा। मंजूबाला पाठक शुरू से ही कांग्रेस को मजबूती के लिए लगातार काम करते रहती है।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती को महिला शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए: उपेन्द्र कुशवाहा



पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने आज सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर केंद्र एवं राज्य सरकार को यह सुझाव दिया है कि महिलाओं के बीच विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले की जयंती को ≀महिला शिक्षक दिवस≀ के रूप में मनाया जाय। आज रालोमो के प्रदेश कार्यालय में पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले जी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बसंत पटेल, अशोक राम, ई० स्मृति कुमुद, डॉ वीरेंद्र दांगी, रामशरण कुशवाहा, अभिषेक रंजन, सौरभ सागर, छात्र नेता प्रतीक कुशवाहा, पटना जिला अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, माधुरी पटेल, विनोद पप्पू, अशोक कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# 03 मई, 2025 को पटना के मिलर हाई स्कुल मैदान में अतिपिछड़ा रैली आयोजित किया गया है: अरविन्द कुमार सहनी

पटना। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री मो0 इसराइल मंसुरी ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव ने जातीय गणना कराकर आरक्षण व्यवस्था को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया और उसमें अतिपिछड़ा समाज की भागीदारी को भी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया और महागठबंधन सरकार के रहते हुए अतिपिछड़ा समाज के हित में जो कार्य किए गए जो काफी प्रशंसनीय रहा है।

इस अवसर पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सहनी ने कहा कि सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर दिनांक 03 मई, 2025 को पटना के मिलर हाई स्कुल मैदान में अतिपिछड़ा रैली आयोजित किया गया है। इस रैली में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण संबोधित करेंगे।

इन्होंने कहा कि लालू जी और तेजस्वी प्रसाद यादव ने सत्ता में रहते हुए अतिपिछड़ा समाज को जो मान-सम्मान दिया और उनको हर क्षेत्रों में सत्ता में जो भागीदारी दी वो हमेशा अतिपिछड़ा समाज के लिए प्रेरणादायक रहा। लालू जी ने न सिर्फ इन वर्गों को हक और अधिकार दिया बल्कि हर स्तर पर उंचा उठाने का कार्य किया।इस अवसर पर विधायक भरत भूषण मंडल ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार अतिपिछड़ो, शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों और अकलियतों के अधिकार को कुचलने का कार्य कर रही है। इन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार में जातीय गणना के बाद 94 लाख गरीब परिवार चिन्हित किये गये थे लेकिन उन्हें दो-दो लाख रुपए दिये जाने की योजना नीतीश सरकार पूरा नहीं कर रही है, यह गरीबों के साथ घोर अन्याय है।इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ0 उर्मिला ठाकुर ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज को राजद और लालू जी ने स्वर और सम्मान दिया वहीं तेजस्वी जी ने महिलाओं के लिए माई-बहिन मान योजना के तहत महागठबंधन सरकार बनने पर 2500 रुपए प्रतिमाह दिये जाने और बेटी योजना के तहत महिलाओं को हर बीनीफीट स्कीम में शामिल करने, उन्हें शिक्षा में बेहतर करने के लिए सरकार के तरफ से सहायता प्रदान करने, प्रशिक्षित करने की योजना में उनकी रूची का ध्यान रखकर उन्हें ट्रेनिंग देने तथा उनके आय को स्त्रोत को बढ़ाने के लिए जो बेटी योजना लायी है ये महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूरी सभागार में राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश नेताओं की विशेष बैठक अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सहनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें पूर्व मंत्री मो0 इसराइल मंसुरी, विधायक भरत भूषण मंडल, विधान पार्षद डॉ0 उर्मिला ठाकुर, पूर्व सांसद अनिल कुमार सहनी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रशांत कुमार मंडल, संजय ठाकुर, मदन शर्मा, डॉ0 प्रेम कुमार गुप्ता, गौतम कपूर चन्द्रवंशी, ओम प्रकाश चैधरी, विपिन सिंह नोनिया, भोला साह तुरहा, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, डॉ0 कुमार गौरव, शंकर चैधरी, कृष्णा ठाकुर, रेणू सहनी, अविनाश विश्वास, विनोद भगत सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



# रोटरी गवर्नर के दौरे पर सेवा कार्यों की झड़ी, बच्चों को उपहार और स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन

**प्रेम कुमार**
**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** रोटरी इंटरनेशनल के आरआईडी 3250 के जिला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचान ने 10 मार्च को रोटरी तथागत क्लब का दौरा किया। इस अवसर पर क्लब द्वारा कई सेवा परियोजनाओं का आयोजन किया गया। रोटरी इंटरनेशनल की परंपरा के अनुसार, जिला गवर्नर का उद्देश्य क्लब के दस्तावेजों का आकलन करना, उनकी प्रामाणिकता की जांच करना और यह सुनिश्चित करना होता है कि क्लब रोटरी इंटरनेशनल के उपनियमों के अनुसार कार्य कर रहा है।गवर्नर के आगमन पर रोटरी तथागत क्लब द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले उन्होंने क्लब द्वारा संचालित सहेली केंद्र का दौरा किया और उत्तीर्ण



अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके बाद उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर उन्हें स्कूल बैग और होली के उपहार प्रदान किए। गवर्नर ने मुरौरा मध्य विद्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन किया तथा स्वच्छ पेयजल हेतु वाटर फिल्टर की स्थापना भी की।

इसके पश्चात गवर्नर ने रोटरी उद्यान में एक प्रतिमा का अनावरण किया और वहां शो प्लांट भी लगाए। शाम 8 बजे सेंट जोसेफ ऑडिटोरियम में आयोजित सार्वजनिक समारोह में गवर्नर ने शिरकत की। समारोह में क्लब के सचिव डॉ. विभाष प्रियदर्शी ने पिछले 8 महीनों के दौरान क्लब द्वारा किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. जोसेफ टी. टी. ने अध्यक्षीय भाषण में क्लब की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।जिला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचान ने अपने संबोधन में रोटरी तथागत द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी तथागत पूरे बिहार और झारखंड के शीर्ष क्लबों में से एक है। उन्होंने क्लब में 4 नए रोटेरियन सदस्यों को भी शामिल किया।इस अवसर पर रोटेरियन अरविंद कुमार सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। रोटेरियन डॉ. श्याम नारायण प्रसाद ने रोटरी क्लब का संदेश एवं उद्देश्य प्रस्तुत किया, जबकि रोटेरियन डॉ. सुनीति सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन का कार्य रोटेरियन परमेश्वर महतो एवं रोटेरियन डॉ. प्रेरणा कुमारी ने किया।इस कार्यक्रम में रोटरी नालंदा, रोटरी बिहारशरीफ, रोटरी शेखपुरा, रोटरी राजगीर, मॉर्निंग वॉक टीम, हरियाली मिशन, लायंस क्लब के सदस्य तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।गवर्नर के इस दौरे से रोटरी तथागत क्लब को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त हुई।

# यूएनओ भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की साइकिल योजना का हुआ कायल, अफ्रीकी देश में होगा लागू: हिमराज राम

**पटना।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार का शिक्षा का मॉडल अनूठा है। उन्होंने कहा कि आज इसी का परिणाम है कि उनकी सरकार की साइकिल योजना से प्रभावित होकर अफ्रीका के दो देश जांबिया और माली इसे अपने देश में लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार की इस योजना को अफ्रीकी के दो देशों द्वारा लागू करना गर्व की बात है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार की साइकिल योजना का अध्ययन करने लिए अमेरिकी प्रोफेसर बिहार आए थे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नीतीश सरकार की साइकिल योजना को देखा और उसका गंभीरतापूर्वक अध्ययन



किया। इस अध्ययन के दौरान अमेरिकी शिक्षाविदों ने पाया कि खासकर छात्राओं की स्कूली शिक्षा में बढ़ोतरी के लिए बिहार सरकार की साइकिल योजना बेहद कारगर है। उन्होंने देखा कि कैसे इस योजना ने बिहार में शिक्षा व्यवस्था का परिदृश्य बदल दिया। बड़ी संख्या में लड़कियां सरकारी विद्यालयों तक पहुंची। विद्यालयों में उनकी संख्या लड़कों के बराबर पहुंच गयी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की साइकिल योजना का गहन अध्ययन कर अमेरिकी प्रोफेसर ने अपनी रिपोर्ट यूएनओ को सौंपी। यूएनओ के विशेषज्ञों ने इसे सकारात्मक तौर पर लेते हुए अफ्रीकी देशों के लिए बेहद उपयोगी माना साथ ही जांबिया और माली को रिपोर्ट भेज उन देशों को अपने यहां लागू करने की बात कही। अब इन देशों के विशेषज्ञों ने इसका कार्यान्वयन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की पहल पर साल 2007 में 9वीं में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजना की शुरूआत की जिसे बाद में लड़कों के लिए भी लागू करने का फैसला लिया गया। इस योजना से लड़कियों में न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि बिहार के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या में भी जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई।

## जिलाधिकारी ने होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक




**जमुई, नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)।** जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में होली एवं रमजान पर्व को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित जिला शांति समिति के सदस्यों ने पर्व को लेकर अपने-अपने सुझाव दिए। इस दौरान जिलाधिकारी महोदया ने शांति समिति के सदस्यों के साथ जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को पर्व के बारे में अवगत कराते हुए निदेश दिया गया कि पर्व को शांति माहौल आपसी भायचारा के साथ मनबाने की अपील की। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से पूवार्नुमति प्राप्त करने के उपरांत विधि व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।वहीं, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पर्व के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पर्व के निमित्त सभी रूटों की सूची प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं, रूट में लटके और अनकवर तार की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी महोदया ने सभी बीडीओ व सीओ को संबंधित थाना से समन्वय स्थापित कर शांति समिति की बैठक कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने सभी थानाध्यक्षों को बाइक गश्ती के माध्यम से पर्व के दौरान विधि व्यवस्था पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। वहीं, सोशल मीडिया परआपत्तिजनक पोस्ट आने पर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन जमुई के जिलास्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव ने डीएम के साथ की समीक्षा बैठक

**जमुई, नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)।** मुख्य सचिव बिहार श्री अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये ' इसमें बिहार के सभी जिले जुड़े हुए थे। जिला दण्डाधिकारी-सह-समाहर्ता महोदया श्रीमती अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में समाहरणालय जमुई अवस्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से सभी संबंधित पदाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में भाग लिया 'मुख्य सचिव, बिहार ने मंगलवार को समीक्षा के क्रम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, श्रम संसाधन विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों के आंकड़ों से भी रूबरू होकर कार्यों को तीव्र गति से निर्धारित समय सीमा के भीतर के देय दायित्वों का निर्वहन किए जाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया ' उस दौरान उन्होंने मौजूद पदाधिकारियों विभागीय आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें और सुबे के बदलाव में अहम्‍ भूमिका निभाएं 'जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन में कहा कि सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता की आधार पर लिए सभी उपस्थित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया और कहा कि किसी भी सूरत में अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा 'समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व शाखा जमुई, नजारत उप समाहर्ता जमुई, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विभाग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस, विभिन्न प्रखंडों के सीडीपीओ जमुई समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नीतीश कुमार ने महिलाओं की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं रामदुलारी देवी



**बांका/संवाददाता।** अनुसूचित जाति महिला कल्याण समिति के भागलपुर एवं बांका जिला अध्यक्ष रामदुलारी देवी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहां की महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2005 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं। सत्ता संभालते ही उन्होंने साल 2006 में सबसे पहले महिलाओं को पंचायती राज व्यवस्था में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया और बाद में साल 2007 में नगर निकायों में भी 50 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया। आज आरक्षण से मिले फायदे की मदद से राज्य में महिलाओं का ना केवल मान सम्मान बढ़ा बल्कि उन्हें उनका वाजिब हक भी मिला। वही रामदुलारी देवी ने कहा कि महिलाओं के रोजगार की बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल 2013 में पुलिस बलों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने का काम किया और आज उसका परिणाम है कि राज्य में महिला पुलिस बल की तादाद देशभर में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि साल 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी आरक्षण देने का काम किया जिससे महिलाएं आत्मिनिर्भर हुईं और वो सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही हैं।

# महिला सशक्तिकरण की नई पहलः नवाचार और कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर

**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा संचालित 7-दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन दिनांक 11 मार्च 2025 को दुल्हिन बाजार, पटना में हुआ । यह ह्लनिरंतर आय और कृषि स्थिरता के लिए सहभागी अनुसंधान अनुप्रयोग (ढफ्रअ अर) कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना (रउरढ) के तहत किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। विदित हो कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसानों को सिलाई मशीनें वितरित की गई थीं और वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा समय-समय पर इसका



मूल्यांकन और प्रभाव आकलन भी किया गया। इसके उपरांत, इस वर्ष महिलाओं की सिलाई कौशल को और निखारने के दृष्टिकोण से दिनांक 1 से 7 मार्च 2025 तक 7-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान की महिला वैज्ञानिकों की टीम द्वारा एक महिला किसान संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने कृषि तकनीकों, पशुपालन, उद्यमिता और स्थायी आजीविका रणनीतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

साथ ही, महिला किसानों को सब्जियों के बीज और सिंचाई पाइप जैसे कृषि संसाधन वितरित किए गए, जिससे उनकी आजीविका सुधारने एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक महिला किसानों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की।

संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिला किसानों की भागीदारी न केवल उनकी आजीविका को सुधारती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाती है, जिससे वे अपने कौशल, पोषण सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को मजबूत कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि सिलाई मशीन प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को अतिरिक्त आय के भी अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि यह सशक्तिकरण ग्रामीण समुदायों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव ला सकता है, जिससे टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा।

## उत्तरी मानिकपुर पंचायत के वर्तमान मुखिया अनुराधा कुमारी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ लोजपा (रा) मे शामिल




**पटना।** लोजपा (रामविलास) प्रदेश कार्यालय एक व्हीलर रोड पटना मे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के उपस्थिति में सीतामढ़ी जिला के उत्तरी मानिकपुर पंचायत के वर्तमान मुखिया अनुराधा कुमारी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ लोजपा (रा) मे शामिल हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी जी ने पार्टी की सदस्यता दिलायें। मुखिया अनुराधा कुमारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कही कि चिराग पासवान के विचारों, सिद्धांतों और उनके बिहार -फर्स्ट, बिहारी -फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुई हूं। चिराग पासवान सर्वमान्य नेता हैं। पार्टी मुझे जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे मै ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा । पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, चुनाव अभियान प्रमुख सुरेंद्र विवेक, प्रदेश महासचिव रवि रंजन प्रसाद सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान, युवा प्रदेश प्रधानमहासचिव प्रकाश कुशवाहा, लोजपा (रा) प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार मौजूद थे।

## पप्पू सिंह निषाद बने जदयू के परवत्ता विधानसभा प्रभारी

**खगड़िया।** जदयू के प्रदेश सचिव पप्पू सिंह निषाद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा परवत्ता विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन से खगड़िया जिले के जदयू कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। मनोनयन पत्र मंगलवार को जारी किया गया, जिसके बाद पार्टी में खुशी का माहौल है।

जिला अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने पप्पू सिंह निषाद के प्रभारी बनने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के सच्चे और समर्पित सिपाही रहे हैं। उनके कुशल संगठनात्मक कौशल और समर्पण के कारण उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि पप्पू सिंह निषाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही, 2025-225 के लक्ष्य को



प्राप्त करने में उनकी भूमिका अहम रहेगी।पप्पू सिंह निषाद के मनोनयन पर जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, सुल्तानगंज विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला, उमेश सिंह पटेल, चंदन कुमारी, अनुराधा कुमारी कुशवाहा, पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद के पुत्र सुनील कुमार, अशोक कुमार सिंह, केदार प्रसाद सिंह, श्रीकांत सिंह कुशवाहा, नंदलाल मंडल, परवत्ता प्रखंड अध्यक्ष सुबोध साह, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष मायाराम मंडल,सदर प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष राका सहाय, युवा जदयू जिलाध्यक्ष सावन कुमार बंटी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौरसिया सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी। इसके साथ ही किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मन्टून, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनय सिंह रोशन, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राकेश चौधरी, छात्र जिला अध्यक्ष सिद्धांत सिंह छोटू, डॉ. रवि कुमार, धनिक लाल दास, मनोज कुमार पासवान, और राजीव भाई पटेल समेत कई नेताओं ने पप्पू सिंह निषाद और पार्टी नेतृत्व को शुभकामनाएं दीं। इस मनोनयन को लेकर जदयू के कार्यकताओं में उत्साह है, और सभी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के इस निर्णय का स्वागत किया है।

# चापाकल मरम्मति अभियान शुरू, प्रत्येक जिले में चलंत वाहन दस्ता तैनात

**पटना।** गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता संबंधित समस्याओं से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने जिला स्तर पर चापाकल मरम्मति अभियान की शुरूआत कर दी है। जिला स्तर पर चापाकल मरम्मति दलों को संबंधित जिला पदाधिकारीयों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर समस्याग्रस्त प्रखण्डों/पंचायतों में रवाना किया गया।

अभियान की जानकारी देते हुए माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, श्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि चापाकल मरम्मति हेतु गठित उक्त चलंत वाहन दस्ता स्वयं प्रखंडों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर-जाकर अक्रियाशील चापाकलों की मरम्मति करना सुनिश्चित करेगी, जिसकी सतत निगरानी संबंधित कार्यपालक अभियंता के



द्वारा दैनिक आधार पर की जाएगी। साथ ही मरम्मति दालों के कार्यों का दैनिक प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक दिन नियंत्रण कक्ष को भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिला स्तर पर प्रत्येक मरम्मति दल का क्षेत्र भी निर्धारित कर लिया गया है। अभियान अंतर्गत चापाकलों के रिपेयरिंग हेतु मोटरसाईकिल/बैट्रीचालित रिक्शा का भी उपयोग आवश्यकतानुसार किया जा सकता है ।माननीय मंत्री द्वारा बताया गया कि वर्तमान में राज्यभर में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अंतर्गत 8,00,000 से अधिक चापाकल अधिष्ठापित हैं। चापाकलों के मरम्मति कार्य हेतु विभाग द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर लिया गया है ,लक्ष्य के अनुरूप राज्यभर में कुल 1,20,749 चापाकलों की मरम्मति कारवाई जानी है। साथ ही सभी चापाकलों की मरम्मति की रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी,और त्रीड्ड-ळौी फोटोग्राफ एवं सामाजिक प्रमाणिकरण भी प्राप्त किया जाएगा ।इसके साथ ही लक्ष्य के अतिरिक्त, मरम्मति दल द्वारा आम लोगों द्वारा की गई शिकायतों का भी निवारण स्थल पर जाकर किया जाएगा।

# मघड़ा तालाब का होगा जीर्णोद्धार, परविंदर इंटरप्राइजेज के अरविन्द कुमार सिन्हा ने की सफाई की पहल

## तालाब की सीढ़ियों का होगा जीर्णोद्धार, खुदाई और लाइटिंग से भव्यता प्रदान करने का निर्णय

**विजय प्रकाश उर्फ पिंनु**
**नूरसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर परिसर स्थित मघड़ा तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक एवं समाजसेवी अरविन्द कुमार सिन्हा ने पहल की है। उन्होंने तालाब के निरीक्षण के दौरान गंदगी और बदहाल स्थिति को देखकर तुरंत इसकी सफाई और जीर्णोद्धार का निर्णय लिया।

अरविन्द कुमार सिन्हा ने बताया कि तालाब की तत्काल सफाई के साथ-साथ मछलियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों की सलाह पर पानी में दवा का छिड़काव किया जाएगा। शीतलाष्टमी मेला के बाद पानी का स्तर कम होने पर तालाब की गहराई बढ़ाने के लिए खुदाई कराई जाएगी। साथ ही, सीढ़ियों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए फव्वारे और लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि यह स्थल भव्य और आकर्षक दिखे।

बेटी की प्रेरणा से हुआ तालाब जीर्णोद्धार का निर्णय इस निर्णय के पीछे अरविन्द कुमार सिन्हा की बेटी की प्रेरणा रही। उन्होंने बताया कि एक दिन पूजा के लिए शीतला माता मंदिर गई थीं, जहां तालाब के गंदे पानी को देखकर उन्होंने अपने पिता से इसकी सफाई और जीर्णोद्धार कराने की बात कही। बेटी की इस पहल पर अरविन्द कुमार सिन्हा ने तत्परता दिखाते हुए तालाब के



सौंदर्यीकरण का संकल्प लिया।

परविंदर इंटरप्राइजेज ने कराए हैं कई मंदिरों का निर्माण गौरतलब है कि परविंदर इंटरप्राइजेज के माध्यम से अरविन्द कुमार सिन्हा द्वारा क्षेत्र के कई गांवों में भव्य मंदिरों का निर्माण और सौंदर्यीकरण कराया गया है। चोरबीघा गांव में भगवान भोलेनाथ के भव्य मंदिर के निर्माण के अलावा देवी स्थान और पपरनौसा गांव में भगवान भास्कर के भव्य मंदिर एवं तालाब का निर्माण भी उनके द्वारा कराया गया है, जहां हर साल हजारों छठव्रती महिलाएं पहुंचती हैं।

नेताओं और स्थानीय लोगों ने की सराहना अरविन्द कुमार सिन्हा के इस जनहितैषी कार्य की सराहना स्थानीय नेताओं और ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। जदयू नेता जयंत सिंह, पंचायत समिति सदस्य, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार सीटू, पूर्व मुखिया चंद्रशेखर प्रसाद, चिक्कू सिंह और चंदन कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा और क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

# 3 महीने में एसटीएफ ने वारदात से पहले 16 से अधिक कांड को रोका

**पटना।** पिछले कुछ महीने में एसटीएफ की सक्रियता बढ़ने की वजह से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाबी मिल रही है। पिछले 3 महीने के दौरान यानी दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक हत्या, लूट, डकैती जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने से पहले इनमें शामिल अपराधियों या इनके गिरोह को दबोच लिया गया। इससे इन आपराधिक गतिविधियों को नाकाम करने में कामयाबी मिली है। इसमें सर्वाधिक संभावित हत्या से जुड़े कांडों को एसटीएफ ने अपनी चौकसी और मुस्तैदी की बदौलत विफल किया है। इन तीन महीनों में एसटीएफ ने हत्या से जुड़े 11 वारदातों को समय पर विफल करने में कामयाबी हासिल की है, जिससे इन वारदातों को समय रहते रोक लिया गया। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2024 में 4 आपराधिक कांडों को विफल किया जा सका है, जिसमें 2 हत्या एवं 2 डकैती या लूट से जुड़े मामले शामिल हैं। इसी तरह इस वर्ष जनवरी में हत्या के 3 के अलावा लूट या डकैती के 2 तथा फरवरी में हत्या के 6 एवं डकैती या लूट के 2 संभावित वारदातों को विफल करने में सफलता मिली है। इस तरह कुल 16 से अधिक वारदातों को अंजाम देने से पहले ही एसटीएफ ने विफल कर दिया। एसटीएफ ने गुप्तचर, जन सहयोग और उच्च तकनीकों के विश्लेषण की बदौलत अपराधिक गिरोह या इसके सदस्यों और कई कुख्यात अपराधियों को दबोचने में कामयाबी मिली है। एसटीएफ की एक विशेष टीम किसी आपराधिक वारदातों में शामिल सक्रिय अपराधियों या गिरोह के सदस्यों का पता लगाने में सतत जुड़ी रहती है। किसी घटना के बाद कई संबंधित घटना के पहलुओं पर विश्लेषण करने के बाद अपराधियों के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है।

इन प्रमुख घटनाओं को रोका- 4 दिसंबर को पटना के टॉप-10 अपराधियों की फेहरिस्त में शामिल पंकज राय को अवैध हथियार के साथ पटना के दीघा से गिरफ्तार किया गया। उस समय वह अन्य अपराधियों के साथ बिल्ला गैंग के सक्रिय सदस्य दीपक राय की हत्या की योजना बना रहा था।- 12 दिसंबर को राज्य के इनामी अंतरराज्यीय अपराधी अजय पासवान को झारखंड के चतरा के हंटरगंज थाना के पिंडरा से अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। वह अपने गैंग के साथ बैंक डकैती की योजना बना रहा था।- मुजफ्फरपुर के टॉप 10 अपराधियों में शामिल सुबोध महतो को जिले के करजा थाना के खलीलपुर से गिरफ्तार किया गया। वह करजा थाना निवासी हेमन राय की हत्या की फिराक में था।- 8 जनवरी 2025 को गया में एक ज्वेलरी दुकान को लूटने की योजना बना रहे अपराधी प्रकाश कुमार को गया से दो सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया गया। - 7 फरवरी को शुभम कुमार को अन्य अपराधियों के साथ पटना के मोकामा से गिरफ्तार किया गया है। इसके मोबाइल को सर्विलांस पर रखते हुए पूरे गैंग को दबोचने में सुविधा हुई। इनकी योजना दो मोटरसाइकिल सवार को गोली मारकर हत्या करने की थी।- 17 फरवरी को पटना के कुख्यात अपराधी गिरोह शालू उर्फ फ्रैंक्र, चांद, अभिषेक और बंटी खान को शहर के सोनार टोली से गिरफ्तार किया गया। इनकी योजना पटना सिटी इलाके में किसी बड़ी लूटी की योजना को अंजाम देने की थी। इन अपराधियों ने इस इलाके में रंगदारी वसूलने की नियत से फायरिंग करके दहशत फैलाने का काम किया था।

# जुब्बा सहनी का 81वां सहादत दिवस मनाया गया



**पटना।** बिहार निषाद संघ के तत्वावधान में पटना में राजेन्द्र नगर अवस्थित जुब्बा सहनी पार्क में अमर सहीद जुब्बा सहनी का 81वां सहादत दिवस संघ के प्रदेश अध्यक्ष ई हरेन्द्र प्रसाद निषाद के अध्यक्षता में मनाया गया।इस मौके पर संघ के सभी पदाधिकारियों,सदस्यों एवं उपस्थित लोगों ने इनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया।इस मौके पर कार्यकारीप्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर सहनी एवं कार्यकारी प्रधान महासचिव धीरेन्द्र निषाद ने कहा कि जुब्बासहनी का जन्म 1906ई.में बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर थाने अन्तर्गत चैनपुर वस्तु के अत्यंत निर्धन मल्लाह परिवार में हुआ था।भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान जुब्बा सहनी ने16अगस्त 1942 को मीनापुर थाने के अंग्रेज इंचार्ज लियो वालर को आग में जिन्दा झोंक दिया। अंग्रेजी हुकुमत ने 16 अगस्त 1942को उन्हें गिरफ्तार कर भागलपुर सेंट्रल जेल भेज दिया।जुब्बा सहनी ने अपने 54 साथियों को जीवन रक्षा के लिए मीनापुर के थानेदार मिस्टर वालर को जिन्दा जलाने की जिम्मेवारी कबूल किया।नतीजतन 11मार्च 1944 को जुब्बा सहनी को भागलपुर सेन्ट्रल जेल में फासी दे दी गई। उनका उत्साहित और जज्बा प्रेरणास्रोत है।महासचिव दिलीप कुमार निषाद एवं विजय कुमार सहनी ने भारत सरकार से जुब्बा सहनी की जीवनी का माध्यमिक कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की।पप्पू कुमार सहनी,सुनील कुमार चौधरी ने सरकार से 11मार्च को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की।रघुनाथ महतो,अभिमन्यू निषाद ने कहा कि जुब्बा सहनी देश के आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दी किन्तु आज भी उनका परिवार का आर्थिक स्थिति दयनीय है। बैठक में जीबोधन निषाद नन्द किशोर सहनी,विनय कुमार, सुरेश प्रसाद निषाद, राजेश कुमार सहनी विनोद सहनी,जयराज निषाद ,नीतीश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बिहार में हरित ऊर्जा और ई-मोबिलिटी का स्वर्णिम युग: पटना में पहली बार होगा देश का सबसे बड़ा Renewable Energy & Electric Vehicle Expo 2025




**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक राजधानी पटना एक युगांतरकारी आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। Renewable Energy & Electric Vehicle Expo 2025 के माध्यम से हरित ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में बिहार एक नई क्रांति की ओर अग्रसर होगा। यह आयोजन न केवल राज्य बल्कि संपूर्ण पूर्वी भारत के औद्योगिक और आर्थिक परिदृश्य में एक नई चेतना का संचार करेगा। अब तक बिहार, झारखंड और उड़ीसा जैसे राज्यों को औद्योगिक विकास के पथ पर पिछड़ा समझा जाता रहा है, जिसके कारण यहां ऐसे उच्च-स्तरीय तकनीकी और व्यावसायिक आयोजनों की संख्या नगण्य रही है। किंतु, टीम ग्रीन ओ वेव का दृढ़ विश्वास है कि यह भूभाग अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। सही मार्गदर्शन, नवाचार और औद्योगिक समन्वय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, यह एक्सपो उन सभी संभावनाओं को साकार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ज्ञान भवन, पटना में आयोजित होने वाला यह आयोजन देश का अब तक का सबसे बड़ा Renewable Energy & Electric Vehicle Expo होगा, जिसमें 70 से अधिक अग्रणी कंपनियां अपने अत्याधुनिक उत्पादों और नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन करेंगी। इस एक्सपो में ग्राहकों को एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनियों, बैंक फाइनेंसर्स और इंश्योरेंस सेवाओं की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वे बिना किसी असुविधा के अपनी पसंद के वाहन का चयन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को वाहन की गुणवत्ता और कार्यक्षमता को स्वयं परखने के लिए टेस्ट ड्राइव की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

## कांग्रेस प्रभारी के झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने के बयान पर भाजपा ने प्रभारी को घेरा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव देव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार दिए जा रहे हैं बयान पर उनको घेरा है। ज्ञातव्य है कि प्रभारी के राजू लगातार झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कर रहे हैं।प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के इस बयान ने पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है।अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं।प्रदेश प्रभारी को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है ? क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है ? प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता है ?प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है।किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था।लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। प्रतुल ने कहा कि दरअसल कांग्रेस प्रभारी कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी जी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात में गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था।गुजरात में 3 दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है।प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है।फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। प्रतुल ने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जाएगा।

## झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**रांची।** षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के आज की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सहित अन्य मंत्रीगण एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों को पवित्र त्योहार होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए।

# एडवा ने उपरोक्त मांगों को लेकर महिलाओं ने निकाला विधानसभा मार्च




**पटना।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति(एडवा)बिहार राज्य कमिटी ने उपरोक्त मांगों को लेकर हजारों की संख्या में महिलाओं ने बुद्ध स्मृति पार्क से विधानसभा मार्च के लिए जुलूस निकला जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी,राज्य सचिव नीलम देवी,अध्यक्ष नमिता सिंह,सरिता पांडे गायत्री देवी,बसंती कुमारी, रेणु देवी, कुंती देवी, माला देवी,रेखा देवी,रानी कुमारी, रंजू देवी, नीतू देवी, सुलेखा कुमारी,संजू राय, कामिनी कुमारी, यशोदा देवी, सुखवासी देवी,बसंती देवी, सुनीता,पुष्पा इत्यादि महिला नेत्री ने की,

जूलूस निकालने से पहले बुद्ध स्मृति पार्क में सभा की गई जिसमें मुख्य रूप से एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी ने संबोधित किया,

उन्होंने कहा कि मोदी -नीतीश के राज्य में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हिंसा की घटना बढ़ी है,बलात्कार सामूहिक बलात्कार एवं हत्या करने जैसी बर्बर जुम की घटना में बढ़ोतरी हुई है,छोटी उम्र की बच्ची से उम्र दराज महिलाओं भी बलात्कार की शिकार हो रही है,अभी हाल ही में नालंदा जिला की एक महिला का लाश मिला जिस पैर में 9 कील थोके गए थे,

तथा नालंदा के चांदी थाना क्षेत्र में एक महिला को हत्या कर खेत के गड्ढे में फेंक दिया गया, एवं लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा में 72 साल की बुजुर्ग महिला के साथ अपराधियों ने बुरी तरह मारपीट कर सामूहिक बलात्कार किया जिसकी मृत्यु इलाज के क्रम में हो गया महिलाओं की चिंता करने वाली नीतिश सरकार क्या कर रही है कई वर्षों से बिहार में महिला आयोग भांग से महिलाओं अपनी समस्या लेकर दर बदर भटक रही है, कल्याणकारी योजना में लूट जारी है, हाल में केंद्र और राज्य के डबल इंजन सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट कॉरपोरेट और अमीर पक्षीय साबित हुआ है,इस बजट में महंगाई रोकने रोजगार देने या गरीबी उन्मूलन संबंधित कोई बात नहीं है,कर्ज माफी या महिलाओं को मदद करने जैसी कुछ भी नहीं है माइक्रोफाइनेंस निजी बैंक के अधिक ब्याज दरों पर कर्ज की जाल में गरीब महिलाएं फस रही है इस मामले में आत्महत्या करने की घटनाएं बढ़ी प्रदर्शन से जिला और प्रखंड स्तर पर इन मुद्दों को लेकर आंदोलन चलने का प्रस्ताव लिया, प्रदर्शन को एसएफआई कार्यकारी राज्य सचिव देवदत्त कु० वर्मा,अध्यक्ष कांति कुमारी,सीटू के नेता विश्वनाथ सिंह,डीवाईएफआइ नेता मनोज कुमार चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया।

# राजपा ने मनाया जुब्बा सहनी का शहादत दिवस



**पटना।** राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय पटना में जुब्बा सहनी का शहादत दिवस एवं होली मिलन समारोह किया गया। इस मौके पर बक्सर जिला के रहने वाले धर्मेंद्र यादव जी को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर तथा सीतामढ़ी जिला निवासी रमेश सिंह कुशवाहा को सीतामढ़ी जिला प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया। एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय उपेंद्र सहनी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म 1906 ई को बिहार प्रांत के मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड के चैनपुर ग्राम में अत्यंत निर्धन मल्लाह परिवार में हुआ था। उनका नाम बिहार के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी में शुमार है। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 1942 में बालर नमक दरोगा को आग के हवाले कर दिया। जिसके कारण दरोगा की मौत हो गई। इस बाबत मुकदमा उपरांत 11 मार्च 1944 को भागलपुर सेंट्रल जेल में इनको फांसी दे दिया गया। इस मौके पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सोनू कुमार सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष धनंजय यादव, अरुण कुमार यादव, अतुल कुमार, मानिकचंद सहनी, सचिन सहनी, दुखन पासवान, श्रवण पासवान, जय मंगल राम, शाहनी प्रवीण, बिंदु सहनी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में रोजगार भी मिलेगा, बिहार भी बढ़ेगा : रंजीत झा



**पटना।** कांग्रेस को बिहार के पलायन की चिंता करने से पहले अपनी पार्टी में हो रहे तेजी से पलायन पर ध्यान देना चाहिए, उक्त बातें जनता दल यू के प्रदेश महासचिव रंजीत कुमार झा ने कन्हैया कुमार पर पलटवार करते हुए कहा। श्री झा ने कहा कि कन्हैया कुमार जैसे नेता पदयात्रा निकालने से पहले बिहार वासियों को यह बताएं कि जब बिहार और झारखंड का बंटवारा हुआ था, तब केंद्र में यूपीए की सरकार थी और बिहार में कांग्रेस के सहयोग से सरकार चल रही थी, उस समय कांग्रेस ने बिहार को विशेष पैकेज क्यों नहीं दिया? बिहार के विकास और रोजगार की नींव मजबूत करने की ज़िम्मेदारी क्यों नहीं निभाई? जद यू महासचिव ने कहा कि बिहार को सिर्फ. नारेबाजी नहीं, ठोस काम चाहिए और वह काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार की सरकार ने रोजगार देने और पलायन रोकने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि कन्हैया कुमार को बिहारवासियों को यह भी बताना चाहिए कि नीतीश कुमार ने सरकारी नौकरियों में ऐतिहासिक स्तर पर बहाली कर युवाओं को नौकरी देने के लिए तेजी से भर्ती प्रक्रिया चलाई है और इसके साथ ही उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए उद्योगों को प्रोत्साहित कर राज्य में रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। श्री झा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में स्टार्टअप पॉलिसी और स्वरोजगार योजनाओं के तह युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा कौशल विकास और तकनीकी प्रशिक्षण के जरिए बिहार के नौजवानों को नए युग के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे यहीं रोजगार पा सकें। इसके साथ ही कृषि और ग्राम उद्योगों को मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं ताकि मजदूरों और किसानों को पलायन न करना पड़े। श्री झा ने कहा कि बिहार के युवाओं को बरगलाने वाले ये राजनीतिक पर्यटक जान लें कि बिहार का नेतृत्व एक अनुभवी, दूरदर्शी और परिणाम देने वाले नेता नीतीश कुमार के हाथों में है और बिहार को काम चाहिए, खोखले भाषण नहीं।

# एकात्म मानववाद और सतत विकास 21वीं सदी की आवश्यकता, कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह



पटना। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के आईकेएस प्रभाग के सहयोग से इंडियन नॉलेज सिस्टम (भारतीय ज्ञान प्रणाली) पर आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत एकात्म मानववाद पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया ₹एकात्म मानववाद और सतत विकास 21वीं सदी की आवश्यकता₹ विषय पर अपने संबोधन में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान करने में भारतीय विचार, परंपरा और शैली की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि शांति, सतत विकास और नैतिक उपभोक्तावाद का मार्ग एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को अपनाने में निहित है। प्रो. सिंह ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय दर्शन विकास-केंद्रित विकास के बजाय मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देता है। पूंजीवाद और साम्यवाद के विपरीत, जो सामाजिक परिणामों की परवाह किए बिना लाभ वितरण तंत्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं, भारतीय विचार शुभ-लाभ की अवधारणा को रेखांकित करता है—नैतिक साधनों के माध्यम से अर्जित लाभ। कुलपति महोदय ने कहा कि यह दृष्टिकोण आधुनिक युग में संतुलित और सतत विकास की अति आवश्यक आवश्यकता के अनुरूप है। व्याख्यान ने आधुनिक उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में भारत के दार्शनिक ज्ञान और स्वदेशी अनुसंधान पद्धतियों को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. सिंह ने एक सामंजस्यपूर्ण और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए भारत की ज्ञान विरासत पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि विवेकानंद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के 25 उच्च शिक्षा संस्थानों (एमएमटीटीसी) के संकाय सदस्यों के साथ सीयूएसबी के प्राध्यापकों ने भाग लिया है` प्रो. अशोक कुमार, निदेशक, यूजीसी-आईकेएस क्षमता निर्माण कार्यक्रम, सीयूएसबी, ने अपने स्वागत भाषण में कहा की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को उजागर करना और इसे आधुनिक शिक्षा में समाहित करना है।

# आदर्श स्थापित करने वाले व्यक्तियों की जीवनी प्रेरणादायिनी होती है : पूर्व राज्यपाल




**पटना।** जो व्यक्ति अपने जीवन से समाज में आदर्श की स्थापना करते हैं, उनकी जीवनी आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग-दर्शिका और प्रेरणा-दायिनी हो जाती है। जीवन में सफल व्यक्ति समाज को प्रेरणा देते हैं। सुप्रसिद्ध संस्कृति-कर्मी, कलाकार और कवि श्याम बिहारी प्रभाकर, जो ९२ वर्ष की आयु में भी स्वस्थ और सक्रिय हैं, ऐसे ही प्रेरणास्पद पुरुषों में गिने जाते हैं। इनके जीवन पर आधारित पुस्तक का प्रकाशन कर बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने प्रशंसनीय कार्य किया है।यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में श्री प्रभाकर के जीवन पर केंद्रित पुस्तक 'जीवन पथ पर प्रभाकर' का लोकार्पण करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। उन्होंने श्री प्रभाकर के लम्बे जीवन की कामना करते हुए, पुस्तक के लेखक जय प्रकाश पुजारी और संपादक बाँके बिहारी साव को भी बधाई दी तथा कहा कि इस तरह के कार्य ही कवियों और लेखकों को दीर्घ-जीवी बनाते हैं।समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि प्रभाकर जी के सारस्वत सेवाओं और जीवन के प्रति इनके सकारात्मक दृष्टि-कोण को अत्यंत निकटता से देखने का सौभाग्य मिला है। इनका कर्मठता और विनम्रता पूर्ण सादा जीवन भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक सुंदर उदाहरण है। छल-कपट और प्रपंचों से सदा दूर रहे प्रभाकर जी एक प्रतिभा-संपन्न, भाव-संपदा से परिपूर्ण और सबके प्रति मंगल भाव रखने वाले सच्चे और अच्छे इंसान हैं। अवश्य ही इनका सादगी-पूर्ण और समाज-मंगलकारी जीवन, सुंदर, सार्थक, मूल्यवान और गुणवत्तापूर्ण जीवन का आदर्श और प्रेरणा-स्पद है। इन पर प्रकाशित यह पुस्तक अवश्य ही पाठकों को प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करेगी। कोई व्यक्ति किस प्रकार स्वयं को स्वस्थ, सक्रिय, दीघार्यु, सदा-प्रसन्न और लोक-कल्याणकारी बना सकता है, यह प्रभाकर जी के जीवन से सीखा जा सकता है। वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि श्याम बिहारी प्रभाकर एक ऐसे व्यक्ति का नाम है, जिन्होंने कला, संस्कृति और साहित्य में अद्भुत योगदान दिया है। प्रभाकर जी युवाओं के लिए ही नहीं, प्रौढ़ों और वृद्धों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। एक ऐसे कर्मयोगी जिनसे सभी प्रेरणा प्राप्त करते हैं। इनकी कविताएँ भी यथा-स्थितिवाद की हिमायती नहीं, अपितु परिवर्तन की आकांक्षी हैं। श्री रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जगन्नाथ प्रसाद, सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, डा शशिभूषण सिंह, बच्चा ठाकुर, डा किशोर सिंहा, डा मेहता नगेंद्र सिंह, सत्यजीत राय, कमल वास राय, कैलाश पति पाण्डेय, पुस्तक के लेखक जय प्रकाश पुजारी और संपादक बाँके बिहारी साव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, मधुरेश नारायण, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, कुमार अनुपम, डा पुष्पा जमुआर, सुनील कुमार, चित्तरंजन लाल भारती, सिद्धेश्वर, शुभचंद्र सिंहा, ई अशोक कुमार, सुनीता रंजन, डा अर्चना त्रिपाठी, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, पृथ्वीराज पासवान आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। फागुनी-गीतों का श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानंद पाण्डेय ने किया। समारोह में कवि सदानन्द प्रसाद, विभा रानी श्रीवास्तव, ई आनन्द किशोर मिश्र, डा अविनाश चंद्र सिंह, मंजु गुप्ता, चक्रधर प्रसाद, संजीव कुमार, आदि प्रबुद्ध व्यक्तियों की उपस्थित रही ।